उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी (नैनीताल)
कुलसचिव कार्यालय

पत्रांकः यू0ओ0यू0 / आर3 / 2013 / 349 दिनांक 14 / 08 / 2014

स्वतन्त्रता दिवस समारोह कार्यक्रम

स्वतन्त्रता दिवस समारोह – 2014 विश्वविद्यालय मुख्यालय में निम्नानुसार आयोजित होगा:-

प्रातः 08:45	सभी अधिकारियों, शिक्षकों एव शिक्षणेतर कर्मचारियों की परिसर में उपस्थिति
प्रातः 09:00	माननीय कुलपति महोदय द्वारा ध्वजारोहण राष्ट्रगीत
प्रातः 09:05	माननीय कुलपति महोदय का उद्बोधन
प्रातः 09:20	कुलगीत
प्रातः 09:25	पर्यावरण – संस्कार (वृक्षारोपण कार्यक्रम)
प्रात: 10:00	मिष्ठान्न वितरण इत्यादि

इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु निम्न द्वारा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी:-

1. 14 अगस्त, 2014 तथा 15 अगस्त, 2014 की सांय 06:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक विश्वविद्यालय मुख्यालय भवन को प्रकाशमान किया जाना है। प्रकाशीकरण किए जाने में अनावश्यक व्ययभार से बचा जाय तथा प्रकाशीकरण हेतु कम वोल्टेज के बल्बों का प्रयोग सुनिश्चित किया जाना होगा, जिसकी व्यवस्था श्री केशव कुमार द्वारा श्री दिनेश पाल सिंह ज्याड़ा तथा अन्य सम्बन्धित कार्मिकों के सहयोग से कराना सुनिश्चित की जायेगी।
2. ध्वजारोहण हेतु श्री राजेश आर्या, श्री विनीत पौड़ीयाल, श्री केशव कुमार, श्री रमन लोशाली, श्री हेमचन्द्र छिमवाल, श्री दिनेश चन्द्र फुलेरा, श्री पंकज कुमार पाण्डे एवं श्री हेम चन्द्र आवश्यक व्यवस्था करेंगे। इसमें झंडा फहराने, पुष्प, गमलों, विद्युत मालायें (लड़ियॉं), मिष्ठान्न आदि की व्यवस्था तथा ध्वजारोहण स्थल पर तखत एवं दरी आदि की व्यवस्था सम्मिलित है।
3. झंडारोहण स्थल की सफाई तथा आयोजन सम्बन्धी अन्य व्यवस्था श्री केशव कुमार द्वारा कार्यक्रम से पूर्व सुनिश्चित की जायेगी।
4. डॉ0 विरेन्द्र कुमार, सहायक प्राध्यापक (कृषि) वृक्षारोपण कार्यक्रम हेतु उचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।
5. डॉ0 राजेन्द्र कैड़ा कार्यक्रमों का संचालन करेंगे।

विश्वविद्यालय के सभी निदेशकों, शिक्षकों, अधिकारियों, परामर्शदाताओं तथा कार्मिकों से अनुरोध है कि वे कृपया स्वतन्त्रता दिवस समारोह में यथासमय पधार कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

14/08/2014

कुलसचिव

प्रतिलिपि –

1. कुलपति जी के वैयक्तिक सहायक को कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वित्त नियंत्रक को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उपरोक्त सामग्री क्रय/ प्रबन्ध हेतु श्री रमन लोशाली को अग्रिम रू0 12,500/- भुगतान किया जाए जिसका यथाशीघ्र समायोजन श्री लोशाली द्वारा किया जाना होगा।
3. सभी निदेशकों, शिक्षकों, अधिकारियों, परामर्शदाताओं तथा कार्मिकों को सूचना प्रसारण के माध्यम से सूचनार्थ।
4. सूचना पट पर सार्वजनिक सूचनार्थ।